# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. पूर्व पधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई : राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता अंतिम संस्कार में हुए शामिल।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान को कोविड प्रबंधन की तर्ज पर संचालित करने का दिया निर्देश : कहा– टीबी मुक्त भारत के लिए जन–भागीदारी जरूरी।

और

4. राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश से बढ़ी ठंड : कल और परसों घने कोहरे की चेतावनी।

---

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया और तोपों की सलामी दी गई।

औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरूवार को नई दिल्ली में निधन हो गया था। वे 92 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब राज्य में हुआ था। डिस्पैच..

*पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया। हाथों में पुष्प, मन में आदर और आंखों में आंसू लिए डॉ सिंह के निधन से शोक में डूबे देश ने दलीय और क्षेत्रीय सीमाओं से उठकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने अलग अलग रूप में राष्ट्र जीवन में गहरा असर डालने वाले उनके योगदान को याद किया। सिंह उन दिग्गजों में से एक थे जिन्होंने नए उदारवादी भारत की कल्पना की थी। वे एक सच्चे राजनेता थे जिनके शांत व्यवहार ने उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को झुठला दिया। मनमोहन सिंह ने 33 सालों तक राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दी। 2004 से 2014 तक वह यूपीए सरकार में देश के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा, 1991 से 1996 तक उन्होंने नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया था। उनके दिल में कविताएं और शायरी धड़का करती थी। डॉ. सिंह के लोकसभा में दिए गये शेर का ये अंश याद आ रहा है——माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतजार देख। समाचार कक्ष से एक श्रृद्धांजलि।*

**केन्द्र सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगो। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध पत्र मिला है।**

**——————————**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सम्चे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ.**

और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों, जिलाधिकारियों सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। श्री योगी ने कहा कि जन–भागीदारी के जरिए टीबी उन्मूलन अभियान को आंदोलन का रूप दिया जाये। एक रिपोर्ट..

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कोविड प्रबंधन की तर्ज पर टीबी उन्मूलन अभियान को चलाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की नीति अपनाते हुए लक्षण के आधार पर लोगों की स्क्रीनिंग की जाये और टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल उनका इलाज शुरू किया जाये। इस काम में आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कर्मियों और एएनएम के जरिए घर–घर टीबी रोगियों की तलाश का काम लिया जाये। उन्होंने राज्य के पन्द्रह जिलों में चलाये जा रहे सौ दिनों के सघन टीबी अभियान का विस्तार कर सभी जिलों में इसे संचालित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत का जो लक्ष्य रखा गया है उसे तेजी से पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने गणमान्य लोगों, पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपतियों, धार्मिक गुरूओं, जन–प्रतिनिधियों और स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान को सफल बनाने पर भी बल दिया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम में प्रदेश के बयालिस जिलों के अड़सठ विकास खंडों का चयन किया गया है। ओवरऑल रैकिंग में पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान प्रदेश के दस विकास खंडों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विभिन्न मानकों पर आकांक्षात्मक ब्लॉक की पगति के आधार पर हर तीन महीने पर ओवरआल डेटा और जोनवार रैंकिंग जारी की जाती है। बीते सितम्बर महीने में सिद्धार्थनगर जिले के खेसरहा ब्लॉक ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरी रैंकिंग फर्रूखाबाद के नवाबगंज विकासखंड को मिली है। कौशाम्बी विकास खंड को जून दो हजार तेईस में दूसरा स्थान, जबकि श्रावस्ती जिले के जमुनहा विकास खंड को मार्च दो हजार चौबीस में पहला स्थान हासिल हुआ है। ओवरऑल रैकिंग में प्रथम स्थान पाने पर तीन करोड़ और दूसरा स्थान पाने पर दो करोड़ रुपये की प्रोत्साहन धनराशि देने का प्रावधान है।

—————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी नृपेन्द्र मिश्र ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने विकसित भारत की आधारशिला 1991 में रख दी थी। अयोध्या में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी होगी, जो हमें विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ला खड़ा करेगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सिंह ने अपने विज़न और आर्थिक नीतियों से देश के आर्थिक इतिहास को नया मोड़ दिया। श्रीराम मंदिर परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों का जिक्र करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि इन मंदिरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि सात ऋषि–मुनियों के मंदिर के सामने पुष्कर्णी सरोवर बनाने के लिए खुदाई का काम शुरू हो चुका है। इसके अलावा श्रीराम मंदिर में बन रहे चार द्वारों का नामकरण राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले संतों के नाम पर किया जायेगा, इस बारे में चर्चा जारी है।

———————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज सुबह हल्की और मध्यम बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है, जिसकी वजह से ठंड बढ़ गई है। एक रिपोर्ट...

*कानपुर देहात, बदायूं, कौशाम्बी, फर्रूखाबाद, चित्रकूट, इटावा, पीलीभीत, मुजफ़्फरनगर, रायबरेली, मऊ, बलरामपुर, हापुड़, आगरा और अयोध्या सहित कई इलाकों में ठंड बढ़ गई है। ठंड बढ़ने और बारिश से*

*आम–जनजीवन प्रभावित है। कहीं–कहीं रूक–रूककर बारिश जारी है। मौसम विभाग ने पूर्वांचल और पश्चिमी जिलों के कई इलाकों में आज गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। वहीं कल से राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने की चेतावनी जारी की है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से जूही श्रीवास्तव।*

———————

**प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने घोषणा की है कि 14 जनवरी के बाद अयोध्या में डबल डेकर बस सेवा शुरू की जायेगी। श्री सिंह ने कहा कि अयोध्या में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जल्द ही शटल सेवा भी शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा का उद्‌देश्य श्रद्धालुओं को बेहतरीन बस सेवा उपलब्ध कराना है ताकि वे अयोध्या भ्रमण का आनंद ले सकें। परिवहन मंत्री ने बताया कि कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सात हजार नई अतिरिक्त बसें लगाई गई हैं।**

———————

**राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण–एनजीटी ने लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में बनने जा रही देश की पहली नाइट सफारी परियोजना पर फिलहाल रोक लगा दी है। एनजीटी ने पर्यावरण संबंधी एक याचिका का संज्ञान लेते हुए केन्द्र और राज्य के साथ–साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक को नाटिस जारी किया है। याचिका में कुकरैल वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और लखनऊ चिड़ियाघर को यहां स्थानांतरित न करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति**

प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए.सेंथिल ए.वेल की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 21 अप्रैल 2025 को होने वाली अगली सुनवाई तक कुकरैल वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई न की जाये।

——————————